# DAYANAND ANGLO VEDIC PUBLIC SCHOOL, AIROLI
## II PERIODIC SAMPLE PAPER (2024-25)
## SUBJECT : HINDI

**STD : VII** | **MAX.MKS : 50M + 4M**
**DURATION : 2hrs**

---

सामान्य निर्देश :-

- इस प्रश्न पत्र के दो खंड हैं - खंड 'अ' और 'ब'
- दोनों खंड अनिवार्य है।
- प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए।
- उत्तर -पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए जो प्रश्न-पत्र में दी गई हो।
- रीडिंग बोनस के प्रश्नों के उत्तर 'उत्तर -पुस्तिका' में ही लिखिए।

---

खण्ड- 'अ'

( अपठित बोध - 5 अंक )

**प्रश्न 1) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्यों में लिखिए:-** **5**

एक काला-सा बच्चा गुब्बारे वाले के सामने जाकर खड़ा हो गया। बोला," गुब्बारे वाले अंकल! क्या काले रंग का गुब्बारा भी इतनी ही ऊँचाईयों तक उड़ सकता है?" गुब्बारे वाले ने बच्चे को देखा और जाने क्या सोचकर उसने उसके गालों को थपथपाते हुए कहा, "बेटे! काला या लाल ,पीला या हरा होने से गुब्बारा नहीं उड़ताा; वह ऊँचे से ऊँचा उड़ता है, उस गैस के बल पर जो उसमें भरी रहती है गुब्बारों की ही तरह आदमी भी गोरा या काला हो सकता है, पर उसकी जिंदगी की ऊँचाइयों को छूना इस पर निर्भर है कि उसके भीतर उड़ान की कितनी भूख है, उड़ने की कितनी योग्यता और शक्ति है। आदमी की गैस जो उसे उड़ाती है, उसका संकल्प है, इरादा है, उसकी मेहनत है। याद रखो — विश्वास , प्रयास और अभ्यास ही आदमी को ऊँचे-से-ऊँचे आकाश तक उड़ाते हैं।"

प्रश्न-

1) गुब्बारे वाले से प्रश्न किसने पूछा ?
2) गुब्बारा किसके बल पर आकाश में उड़ता है?
3) आदमी की जिंदगी की ऊँचाइयों को छूना किस पर निर्भर है?
4) ऊपर दिए गए गद्यांश से आपको क्या सीख मिलती है लिखिए -
5) **नीचे दिए गए अभिकथन तथा कारण को पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प** चुनकर लिखिए -

**अभिकथन (A)** - आदमी ऊँचे आकाश को पाता है।
**कारण (R)** - उसका विश्वास , प्रयास और अभ्यास

(क) अभिकथन (A) सही है परंतु कारण (R) सही नहीं है।
(ख) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों गलत है।
(ग) अभिकथन (A) और उसका कारण (R) दोनों सही है।
(घ) अभिकथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है।

( व्याकरण-13 अंक )

प्रश्न 2) निर्देशानुसार उत्तर लिखिए -

(क) नीचे दिए गए व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द के आधार पर एक-एक जातिवाचक संज्ञा शब्द लिखिए- 1

(i) पीपल (ii) पंजाब

(ख) 'निर्मल' अथवा 'बादल' शब्द के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए - 1

(ग) नीचे दिए गए शब्दों को मानक वर्तनी (नए रूप) में लिखिए- 1

(i) विद्या (ii) द्वार

(घ) नीचे दिए गए रेखांकित शब्द की जगह विसर्ग चिह्न वाले शब्द का प्रयोग करते हुए वाक्य को दोबारा लिखिए - 1

(i) अशुद्ध शब्द को शुद्ध करके <u>दोबारा</u> लिखिए।

प्रश्न 3) (क) नीचे दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए- 1

(i) विशाल हृदय वाला (ii) जंगल में अपने-आप लगी आग

(ख) नीचे दिए गए वाक्य में उचित विराम चिह्न का प्रयोग कीजिए - 1

(i) बाप रे साँप तो बड़ा भयानक था

(ग) नीचे दिए गए वाक्यों में से क्रिया शब्द छाँटकर भेद का नाम लिखिए - (कोई एक) 1

(i) मैंने नई पुस्तक खरीदी। (ii) प्रकाश सुषमा से बटन लगवाता है।

(घ) नीचे दिए गए विशेषणों के लिए उचित विशेष्य लिखिए - 1

(i) पाँच लीटर (ii) सब

प्रश्न 4) (क) निम्नलिखित शब्दों में उपसर्ग अथवा प्रत्यय लगाकर नया शब्द लिखिए- (कोई एक) 1

(i) उठ (ii) भाग

(ख) नीचे दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार या अनुनासिक चिह्न लगाइए- 1

(i) सुगध (ii) महगा

(ग) नीचे दिए गए सर्वनाम भेदों का एक-एक वाक्य लिखिए - (कोई एक) 1

(i) उत्तम पुरूषवाचक सर्वनाम (ii) मध्यम पुरूषवाचक सर्वनाम

(घ) नीचे दिए गए वाक्य को उचित मुहावरे से पूरा कीजिए - (कोई एक) 1

(i) ऑक्सीजन की नली में छेद देखकर मेरा तो ------ ।

(ii) 'हिलेरी की चिमनी' के ठीक नीचे पहुँचकर हमारी ------ ।

(ङ) नीचे दी गई परिभाषा को पूर्ण कीजिए - **1**

यदि ------ वर्ण के बाद किसी अन्य वर्ग का कोई अन्य वर्ण आए तो पंचम वर्ण के स्थान पर ------

चिह्न का प्रयोग किया जाता है।

( पाठ्यपुस्तक - 18 अंक )

**प्रश्न 5) निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्यों में लिखिए:-**
**5**

निर्मला को अपनी सहेलियों में सयाल लहनू भाई भोया बहुत बुरी लगती थी।सयाल के पिता का नाम लहनू भाई भोया था।सयाल के व्यवहार और गुणों की सभी प्रशंसा करते थे।निर्मला भला सयाल की तारीफ कैसे सह पाती।लोग सयाल की माँ से कहते - " कलगी बेन , तुम्हारी लाडली बड़ी होनहार है।उसकी मुस्कान सबको खुश कर देती है।" 'प्यारी-सी मुस्कान' निर्मला चिढ़कर बुदबुदाती, " हुँह...दाँत निकाले रहती है और लोग कहते हैं- प्यारी-सी
मुस्कान।"

**प्रश्न-**

(1) निर्मला को अपनी सहेलियों में कौन बुरी लगती थी?

(2) सयाल के माता-पिता का क्या नाम था?

(3) ऊपर दिए गए गद्यांश के पाठ का नाम लिखिए।

(4) सयाल की माँ से लोग क्या कहते थे?

(5) **नीचे दिए गए अभिकथन तथा कारण को पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

अभिकथन : (A) सयाल के व्यवहार और गुणों की सभी प्रशंसा करते थे।

कारण : (R) वह बड़ी होनहार थी।

(क) अभिकथन (A) सही है परंतु कारण (R) सही नहीं है।

(ख) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों गलत है।

(ग) अभिकथन (A) और उसका कारण (R) दोनों सही है।

(घ) अभिकथन (A) गलत है परंतु कारण (R) सही है।

**प्रश्न 6) निम्नलिखित पठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्यों में लिखिए:-** **5**

अगहन नाच नचा देता, बर्फ़ सरीखा है पानी
चलो नहा लो माँ कहती, नहीं चलेगी मनमानी।
उड़ी पतंगें पौष में , बाज़ी लगती ज़ोर से।
गली, मोहल्ले ,अटारियाँ ,भर जाते सब शोर से।

**प्रश्न-**

1) अगहन महीने में पानी कैसा होता है?

2) ऊपर दिए गए पद्यांश में माँ क्या कहती है?
3) पौष महीने में किसकी बाज़ी लगती है ?
4) पतंगें उड़ाते समय शोर से क्या-क्या भर जाते हैं?
5) ऊपर दी गई कविता का नाम तथा उसके कवि का नाम बताइए?

## खण्ड- 'ब'

**प्रश्न 7) नीचे दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए।** **2**

1] सज्जन 2] भीषण 3] कंठ 4] गहमागहमी

**प्रश्न 8) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 20 से 30 शब्दों में लिखिए।** **6**

1] लेखक ने घर से बाहर जाने का कौन -सा रास्ता लेने का फैसला किया और क्यों?
2] 'समय' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहता है?
3] हैडमास्टर ने बच्चों को छुट्टियाँ किस प्रकार बिताने की सलाह दी?
4] तन्मय ने गरीब बच्चों का पक्ष क्यों लिया ? इससे उसके चरित्र की किस विशेषता का पता चलता है लिखिए।

**( रचनात्मक लेखन - 14 अंक )**

**प्रश्न 9) नीचे दिए गए विषय पर 100 से 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। (कोई एक)** **5**

(क) समय का महत्व -
संकेत बिंदु ः प्रस्तावना , समय का महत्व , सफल व्यक्तियों के उदाहरण , विद्यार्थी जीवन में समय का महत्व , उपसंहार

(ख) वनों का महत्व-
संकेत बिंदु ः पेड़-पौधों का मनुष्यों से संबंध , भारतीय संस्कृति में वृक्षों का स्थान , पेड़ -पौधों के बिना जीवन खतरे में, वन महोत्सव सराहनीय कदम

**प्रश्न 10) निम्नलिखित विषयों पर पत्र लिखिए- (कोई एक)** **5**

(क) अपने क्षेत्र की गंदगी को साफ़ करवाने का अनुरोध करते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए।

(ख) अपने क्षेत्र में बसों की असुविधा के बारे में सूचित करते हुए दैनिक जागरण के संपादक को पत्र लिखिए।

**प्रश्न 11)** विद्यालय की ओर से नि:शुल्क नेत्र जाँच का आयोजन किया जा रहा है जा रहा है। प्रधानाचार्या की ओर से विद्यालय के सभी विद्यार्थियों के लिए एक सूचना तैयार कीजिए। **4**

अथवा

आपके विद्यालय में दोहा प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है । प्रधानाचार्या की ओर से विद्यालय के सभी विद्यार्थियों के लिए सूचना तैयार कीजिए।

रीडिंग बोनस

**प्रश्न 12)** आपको दी गई कहानी के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्यों में लिखिए।

**1**] 'रोज एक मुहर देने वाला नाग' कहानी में किसान नाग के लिए रोज शाम को क्या रखता था और सवेरे क्या पाता था ?

**2**] "महाराज , पक्षी की विष्ठा में कहीं सोना होता है? यह कथन किसने , किससे कहा लिखिए।

**3**] 'सोने की विष्ठा करने वाला पक्षी' कहानी में पक्षी ने चौथा मूर्ख किसे और क्यों कहा?

**4**] तीसरी कहानी में किसके बीच गाढ़ी दोस्ती थी ?